# राष्ट्रीय सेवा योजना
# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

Website:www.vbspu.ac.in Email.ID: nssvbspu.jnp@gmail.com


पत्रांकः 49 / पू0वि0वि0 / रा0से0यो0 / 2024—25 दिनांक—18.10.2024

प्रेषक—

**डॉ0 राज बहादुर यादव**
कार्यक्रम समन्वयक(राष्ट्रीय सेवा योजना),

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर—मो0 नं0—9452981191

सेवा में,

**प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

**विषयः** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु 90 दिवसीय ''मिशन शक्ति'' (फेज—05) के अन्तर्गत कार्ययोजना के अपेक्षानुसार कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक उप सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—3 के पत्र संख्या—2547 / सत्तर—3—2024 दिनांक—04.10.2024 तथा विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन के संख्या—455 / सत्तर—रा0से0यो0को0—2024, दिनांक—07.10.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से समस्त प्राचार्य / कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) अपने महाविद्यालय द्वारा प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु 90 दिवसीय ''मिशन शक्ति'' (फेज—05) के अन्तर्गत कार्ययोजना के अपेक्षानुसार कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु ''मिशन शक्ति'' (फेज—05) के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के स्वयंसेवको के माध्यम से निम्नवत कार्य किया जाना है।

- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको के माध्यम से महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित काव्य पाठ, स्लोगन निर्माण, निबंध, गीत एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाना है।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको के माध्यम से नवरात्रि के नौ दिनों पर आधारित मॉ दुर्गा के अलग—अलग नौ रूपों पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको के माध्यम से भारत की वीरांगनाओं के जीवन वरित्र पर आधारित व्याख्यान एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को गुड टच एवं बैड के बारे में जागरूक किया जाना है।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा माह में एक दिन महिला स्वास्थ्य परीक्षक काउंसलर की उपस्थिति में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित काउंसलिंग की व्यवस्था किया जाना है।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा कैरियर एवं कौशल विकास हेतु कमेटी गठन अनिवार्य रूप से किया जाना है।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा छात्राओं को सुप्रीम कोर्ट विशाखा गाइडलाइन्स के अनुसार कार्यस्थल महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर रोक लगाने सम्बन्धी अवांछनीय व्यवहारों के प्रति जागरुगक किया जाना है।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय में छात्राओं की शिकायतों के निवारण हेतु ''मिशन शक्ति'' का गठन अनिवार्य रुप से किया जाना है। छात्राओं की प्रत्येक शिकायत का रजिस्टर में पंजीकृत करे तथा अधिकतम एक सप्ताह में निस्तारित करें।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय स्तर पर एक मिशन शक्ति नोडल के रुप में कार्यक्रम अधिकारी को नामित करें। (नाम, मोबाइल, नम्बर, ई—मेल)
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा स्वयंसेवको के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा सम्बन्धी हेल्प लाइन नंबस जैसे—112,1090,108 को वालाराइटिंग के माध्यम से संस्थाओं में प्रदर्शित करें।
- महाविद्यालय में विधि विभाग तथा जिला स्तरीय समितियों से समन्वय करते हुए व्याख्यान / काउंसलिंग करें।
- विभाग के नामित नोडल अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय स्तर पर मिशन शक्ति नोडल के रुप

- मिशन शक्ति (फेल–5) की मॉनीटरिंग तथा असिसमेन्ट हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा आई0आई0एम0 लखनऊ का नामित किया गया है, जो प्रत्येक विभाग के प्रमुख सचिव के साथ प्रेषित कार्ययोजना के सापेक्ष समायान्तर्गत समीक्षा की जानी है।
- उपलब्धि प्राप्त महिलायें जो अपने–अपने क्षेत्रों में असाधारण कार्य किया हो उनके व्याख्यान/कार्यशाला करायें।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं की सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मिशन शक्ति सम्बन्धित शीर्षक पर प्रतिभागिता सुनिश्चित करें।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा स्वयंसेवको के माध्यम से मिशन शक्ति के प्रत्येक कार्यक्रम में विशेष रुप से छात्र (मेल स्टूडेन्ट्स) को जागरुक (सेन्सेटाइज) कराना सुनिश्चित करें।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा मिशन शक्ति (फेज–5) के अन्तर्गत आत्मसुरक्षा सम्बन्धी प्रशिक्षण (जूडो, कराटे, ताइक्वॉडो इत्यादि) आयोजित करें।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा सोशल मीडिया के इनफ्लूइसेंर्स जैसे–यूट्यूब इत्यादि द्वारा मिशन शक्ति (फेज–5) के कन्टेट्स/सक्सेस स्टोरी को नयमित रुप से पोस्ट करें।
- उच्च शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय द्वारा किसी भी मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित करने के पूर्व बेस लाइन सर्वे करने के उपरान्त निम्नंकित फार्मेट में एक्सेल शीट में एन0एन0एस0 मिशन शक्ति नोडल द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु 90 दिवसीय "मिशन शक्ति" (फेज–05) के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम एक्शन फोटोज/सेल्फ स्पीकिंग फोटोज के साथ शार्ट राइटअप/डिसक्रिप्शन ई–मेल–missonshaktihe@gmail.com पर प्रेषित करें।

| विश्वविद्यालय/महाविद्यालय नाम | एक्टीविंटी | उद्देश्य/लक्ष्य | प्रतिभागियों संख्या | दिनांक | उपलब्धियॉ |
|---|---|---|---|---|---|

राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय स्तर पर एक मिशन शक्ति राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल के रुप में कार्यक्रम अधिकारी को निम्नवत प्रारुप पर नोडल नामित करें।

**मिशन शक्ति राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल 2024–25**

| विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का नाम | कार्यक्रम अधिकारी का नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर | ई–मेल आई0डी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

अतः उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि समस्त महाविद्यालयों/संस्थाओं प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारियों प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु 90 दिवसीय "मिशन शक्ति" (फेज–05) के अन्तर्गत प्रस्तर–2 के अनुसार महाविद्यालय स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी को नोडल नामित किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त के सम्बन्ध में सूचना यथाशीघ्र ई–मेल कार्यक्रम समन्वयक वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर के ई–मेल nssvbspu.jnp@gmail.com पर प्रेषित करें।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव कुलपति जी, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, केन्द्रीय भवन, आठवां तल, हाल नं0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज, लखनऊ।
3. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (रा0से0यो0को0) विभाग, बहुखण्डी भवन, उ0प्र0शासन, लखनऊ।
4. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राज बहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वय